<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 22.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)</u>
*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता दोहराई। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो साझा किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जल, सभ्यताओं की जीवन रेखा रहा है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने की महति आवश्यकता है।

*******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह जिले के घोड़थंबा मामले पर कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की निष्क्रियता और खुफिया विभाग की विफलता के कारण इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। मंत्री ने कहा कि घटना के बाद पुलिस निर्दोष लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई कर रही है।

वहीं मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं की परेशानियों पर कहा कि यह सरकार का चुनावी मुद्दा था और चुनाव खत्म होने के बाद जनता योजना का लाभ लेने के लिए कार्यालय के चक्कर काट रही है।

*******************

झारखंड विधानसभा बजट सत्र के 16वें दिन आज सदन में पूर्वी सिंहभूम की छियासी बस्तियों के मालिकाना हक मिलने का मुद्दा चर्चा में रहा। भाजपा विधायक पूर्णिमा दास साहू ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सरकार से सवाल किया कि बस्ती के लोगों को कब तक मालिकाना हक मिलेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व की सरकार ने 2018 में मालिकाना हक देने के लिए नियमावली बनाई थी। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा, झामुमो और अन्य दलों के नेताओं ने इस बस्ती के लोगों को मालिकाना हक देने की बात कही थी। झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने भी मालिकाना हक देने का आश्वासन दिया था, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इस पर प्रभारी मंत्री दीपक बिरुवा ने बताया कि 2018 के नियम के तहत केवल तीन आवेदन ही आए।

*******************

*******************

गढ़वा जिले के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में सरकारी योजनाओं के माध्यम से इलाके की तस्वीर बदल रही है। वहाँ के लोगों की जीवनशैली में भी बदलाव आ रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

हजारीबाग में उपायुक्त नैंसी सहाय और जिले के वरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में आज नवनियुक्त 182 चौकीदारों को नियुक्ति पत्र दिया गया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि सभी नवनियुक्त चौकीदार अपने–अपने क्षेत्र में योगदान देंगे।

*******************

हॉकी इंडिया की ओर से सीनियर महिला कोचिंग कैंप 23 से 30 मार्च तक 2025 तक साई सेंटर बैंगलुरु में शुरू होगा, जिसमें देश भर की 65 खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। इन 65 खिलाड़ियों में हॉकी झारखंड से खेलने वाली 10 सहित राज्य की कुल 13 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है।

*******************